महत्वपूर्ण एवं खास

दोहरे हत्याकांड से शहर में फैली सनसनी

जगदलपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के व्यस्त क्षेत्र अनुपमा चौक के समीप रहने वाले गुप्ता परिवार के दो सदस्य मां गायत्री गुप्ता 50 वर्ष और उसके बड़े बेटे निलेश 32 वर्ष की गुरुवार तडक़े अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। परिवार का तीसरा सदस्य नितेश गुप्ता 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिसे मेडिकल कालेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार परिवार में तीन ही सदस्य थे। मां गायत्री अपने दो बेटों के साथ रहती थी। गायत्री विधवा थी और दोनों बेटे अविवाहित थे। घटना का कारण पता नहीं चला है। गुप्ता परिवार की धरमपुरा मार्ग में घर पर ही किराना की दुकान है। घटना गुरुवार तडक़े की बताई गई है। बुधवार रात को तीनों मां बेटा पनारा पारा में एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में गए थे और आधी रात को घर लौटे थे। हमलावरों की संख्या चार से अधिक बताई जा रही है। एसपी शलभ सिन्हा भी घटना स्थल पहुंचे हैं।

परीक्षा वर्ष 2024 की गोपनीय सामग्री का वितरण 20 जुलाई को

कोरबा (आरएनएस)। सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के गोपनीय सामग्री 20 जुलाई 2024 दिन शनिवार को प्रात: 10 बजे से समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा कोरबा से वितरित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि मण्डल द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर समन्वय संस्था में उपस्थित होकर गोपनीय सामग्री प्राप्त करके संबंधित थाना/चौकी में जमा कराएं।

गांजा के साथ दो लोग पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा पुलिस ने कौशल्या माता विहार के पास अवैध गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कौशल्या विहार सेक्टर 5 कमल विहार के पास आरोपी अशोक नाहक 55 वर्ष निवासी उड़िसा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक थैले में 8 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। गुढिय़ारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढिय़ारी पुलिस ने खालबाड़ा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी शेखर गोश्वामी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर (आरएनएस)। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने के 04 प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार बांदे तहसील के ग्राम मोरखण्डी निवासी 37 वर्षीय मिरगुराम महा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मंगली को चार लाख रूपये, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम नारायणपुर निवासी 55 वर्षीय जानकी बाई पटेल की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित अंगदराम पटेल को चार लाख रूपये, पखांजूर तहसील के ग्राम मेण्ड्रा निवासी 57 वर्षीय रजऊ राम धुरवा की गड्ढे के पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र जगेलराम धुरवा को चार लाख रूपये तथा इसी तहसील के ग्राम ठाकुरनगर के 02 वर्षीय प्रणव बछाड़ की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित प्रहलाद बाछाड़ और प्रोमिला बाछाड़ के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

21 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन रद्द, पैसा हुआ रिफंड

रायपुर | आरएनएस

अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग कार्य के चलते रेलवे ने 11 से 16 जुलाई तक रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी समेत 21 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को एक साथ रद्द कर दिया है।

इसके अलावा 11 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया गया, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। खासकर दिल्ली, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र के लिए कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को अपना शेड्यूल दोबारा प्लान करना होगा। रेलवे अब तक 10 हजार टिकट के पैसे रिफंड कर चुका है।

एक तरफ जहां खेती-किसानी का काम और गर्मी की छुट्टियां खत्म होते ही प्रवासी मजदूर अपने घर लौट रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्कूल-कॉलेज शुरू होते ही छात्र पढ़ाई के लिए बड़े शहरों का रुख कर रहे हैं. ऐसे में ट्रैक पर दौडऩे वाली सभी ट्रेनें फुल हैं. इसमें कई ट्रेनों में वेटिंग 300 के पार पहुंच गई है. अब फिर से 21 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग का काम 12 जुलाई से 16 जुलाई तक किया जाएगा। इसके चलते 21 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि 11 ट्रेनें अपने गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दी जाएंगी. उनका दावा है कि वे सभी काम जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं. इसके पूरा होने के बाद ट्रेनों की स्पीड बढ़ जाएगी।

इन प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है

11 से 15 जुलाई तक ट्रेन नं. 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।

ट्रेन नंबर 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस 11,12,14,15 और 16 जुलाई को।

ट्रेन नंबर 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस 12,13,15,16 और 17 जुलाई को।

गाड़ी संख्या 18249 रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस 13 जुलाई को।

ट्रेन नं. 18250 कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस 14 जुलाई को।

14 जुलाई को गाड़ी क्रमांक 18251 रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस।

15 जुलाई को गाड़ी क्रमांक 18252 कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस।

इन पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है

ट्रेन नंबर 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन क्रमांक 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल 11 से 15 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन क्रमांक 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल 11 से 15 जुलाई तक।

ट्रेन क्रमांक 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल 11 से 15 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक।

ट्रेन नंबर 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल 13 और 14 जुलाई को।

ट्रेन नंबर 08263 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल 13 और 14 जुलाई को।

न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी, डीएफओ ने एक पेड़ मां के नाम लगाए

❒ **न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ वन महोत्सव कार्यक्रम**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

आम जनों को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वन विभाग के बैनर तले वन महोत्सव 2024 एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जिला एवम सत्र न्यायालय परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अपर जिला सत्र न्यायाधीश द्वय राधिका सैनी, अमित राठौर, कलेक्टर धर्मेश साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 पारुल श्रीवास्तव, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 अभिनव डहरिया, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 शीलू सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 ध्रुवराज ग्वाल, डीएफओ पुष्पलता टंडन, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों ने न्यायालय परिसर पर पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत में वन विभाग ने समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। जिला कलेक्टर धर्मेश साहू द्वारा पीपल वृक्ष का रोपण किया गया उन्होंने कहा कि ए ज्यादा से ज्यादा पीपल, बरगद, नीम का पेड़ लगाया जाए। पेड़ लगाना ही नहीं अपितु उन पेड़ों का सुरक्षा व संरक्षण करना भी हमारा दायित्व है। इस दौरान कलेक्टर साहू ने जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि अब जब वायुमण्डल में रिफ्रेशर ही नहीं रहेगा तो गर्मी तो बढ़ेगी ही। हर 500 मीटर की दूरी पर एक फलदार और छायादार पेड़ लगायें, तो आने वाले कुछ साल बाद प्रदूषण मुक्त भारत होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगाए। जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने कहा कि आप अपने घर , आंगन , खेत में अपनी माता के साथ या माताजी की स्मृति में पौधा लगावें। पीपल के पत्ते का फलक अधिक और डंठल पतला होता है जिसकी वजह शांत मौसम में भी पत्ते हिलते रहते हैं और स्वच्छ ऑक्सीजन देते रहते हैं।

जिला सत्र न्यायाधीश ने पेड़ पौधों की उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की। जिस प्रकार माता-पिता हमें संरक्षण देते हैं उसी प्रकार पेड़ भी हमें संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि - एक पेड़ मां के नाम की इस लाइन में बहुत गहराई छुपी हुई है और हमें पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इन जीवनदायी पेड़ों को ज्यादा से ज्यादा लगाने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ायें।

वन विभाग के द्वारा सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था जो सोशल मीडिया की प्रोफाइल पिक्चर के साथ एक पेड़ मां के नाम प्रोफाइल फ्रेम लगाकर इस अभियान में हिस्सा बने। जिसमें जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला प्रबंधक नाआ निगम सूर्यकांत शुक्ला जिन्होंने कहा कि- विश्व ताप मिट जाये होय हर जन मन गदगद। धरती पर त्रिदेव हैं- नीम पीपल और बरगद।

गेवरा कोयला खदान में हुआ हादसा

❒ **विजिबिलिटी की कमी को माना जा रहा दुर्घटना का कारण**

कोरबा | आरएनएस

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत आनंद वाटिका के पास एक हादसा हो गया है, जिसकी मुख्य वजह विजिबिलिटी की कमी को माना जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में पानी छिडक़ाव के कार्य को संभालने के लिए एसईसीएल था, लेकिन उसकी लापरवाही से दो ट्रेलर आपस में टकरा गए। वर्तमान में जनहानि की कोई रिपोर्ट नहीं है। इस दुर्घटना से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए स्थानीय अधिकारियों ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया है।

हादसे की जांच के लिए अधिकारी गहराई से जांच कर रहे हैं और शीघ्र ही इसकी पीछे छुपी वजहों को स्पष्ट करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल द्वारा पानी छिडक़ाव के कार्य की लापरवाही ने हादसे को बढ़ावा दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस तरह की अनधिकृतता को रोका जाए और सुरक्षा के मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए।

नकली होलोग्राम के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कथित ढाई हजार करोड़ के शराब घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है।उसके पास से नकली होलोग्राम सप्लाई का सबूत भी बरामद किया गया है। अफसरों ने बताया कि आबकारी घोटाले में डुप्लीकेट होलोग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगा है। प्रकरण में डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड का स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान उपलब्ध जानकारी के आधार पर नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े हुए इंडस्ट्रीयल कम्प्यूटर के हार्ड ड्राइव को, जिसके माध्यम से डुप्लीकेट होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी, उसे विधिवत वीडियोग्राफी कराकर जब्त किया गया है। अफसरों ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय से डुप्लीकेट होलोग्राम छपवा कर रायपुर तक परिवहन के लिए उपयोग में आने वाले दस्तावेज, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे, आरोपित दिलीप पांडे द्वारा उसे भी बरामद कराया गया है। इन दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान इस बात की पुष्टि हुई है कि सिंडीकेट के मुख्य आरोपित अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी के संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा 2019 से 2022 के बीच तक फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराये गए थे। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

राष्ट्रीय कत्थक प्रतियोगिता में सौम्या नामदेव ने लगाई प्रथम पुरस्कार की हैट्रिक

रायपुर | आरएनएस

कृष्णा ललित कला महाविद्यालय के द्वारा प्रदेश की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता कौशल महोत्सव का उक्त आयोजन 3 जुलाई को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सौम्या नामदेव ने माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय एवम रायगढ़ शहर का प्रतिनिधित्व किया। सौम्या ने जूनियर वर्ग में 10 मिनिट का एकल कत्थक प्रस्तुति करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में सौम्या ने राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान की हैट्रिक लगाई है। जनवरी 2024 बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता अमृत ध्वनि , जून 2024 में ओडिसा के पुरी में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता तारांगण के बाद जुलाई में रायपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता कौशल महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई है। सौम्या नामदेव रायगढ़ के ओ पी जिंदल स्कूल की कक्षा 8 वी की छात्रा है, सौम्या अपनी कत्थक की शिक्षा माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय में गुरु प्रीति रूद्र वैष्णव एवम रूद्र प्रीति वैष्णव के सानिध्य में पिछले 5 वर्षो से ले रही है। प्रतियोगिता में माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रचार्य पंडित एल डी वैष्णव , उप प्राचार्य रूद्र प्रीति वैष्णव एवं गुरु प्रीति रूद्र वैष्णव के सानिध्य में अद्वितीय प्रस्तुति दे कर संसथान, रायगढ़ जिले एवम रायगढ़ कत्थक घराने का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भारत के अलग अलग राज्यों जैसे छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश ,उड़ीसा, कोलकाता, आसाम,और भी अनेक राज्यों से प्रतियोगिता में बढ़-चढक़र सम्मलित हुए। सौम्या अलावा महाविद्यालय के अन्य छात्राओं ने अलग अलग वर्ग में शानदार प्रदर्शन करके निर्णायकगण एवं आयोजकों का मन मोह लिया। सौम्या की नृत्य के प्रति रूचि को देखते हुए सौम्या की माता ब्यूटी नामदेव ने सौम्या को कत्थक की शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जिसमे पुरे परिवार ने सहयोग एवम प्रोत्साहन दिया। सौम्या अपने दैनिक कार्यो में अपनी पढाई के साथ साथ रोजाना 2-3 घंटे का कत्थक का रियाज भी करती है , और अपनी इस सफलता के लिए श्रेय अपने गुरुजनो एवम परिवार को दिया। प्रतियोगिता में मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों दवारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया एवम उच्च स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में एकल कत्थक वर्ग में सौम्या नामदेव ने जूनियर वर्ग में एवं यामी वैष्णव ने सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों ने मचाया भारी उत्पात

❒ **हाथियों ने बाड़ी के पौधों और पंप को किया क्षतिग्रस्त**

कोरबा | आरएनएस

रायगढ़ जिले के छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों के दल ने करतला रेंज के ग्राम तराईमार में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात लगभग एक घंटे तक चला। ग्राम तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल आगे बढक़र कुदमुरा जंगल पहुंच गया है।

पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में हाथियों का दल तडक़े एकाएक ग्राम तराईमार पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। हाथियों के अचानक पहुंचने व उत्पात मचाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

वन विभाग का अमला इससे पहले गांव पहुंचता कि उत्पाती हाथियों का दल आगे बढ़ा और कुदमुरा रेंज का जंगल पहुंच गया। वन विभाग द्वारा संबंधित अमले को सूचना दिए जाने पर कुदमुरा रेंज से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। इससे पहले 13 हाथियों का दल यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में विचरण कर रहा है। 24 की संख्या में और हाथियों के पहुंचने से अब यहां संख्या बढक़र 37 हो गई है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों के आने से खतरा बढ़ गया है।

उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज में भी हाथियों द्वारा ग्राम कठमोरगा में उत्पात मचाए जाने की खबर है। बताया गया कि यहां 25 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों का यह दल अचानक सक्रिय हुआ और जल विहार बुका क्षेत्र में स्थित ग्राम कठमोरगा पहुंच गए और वहां बस्ती किनारे स्थित एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए बुरी तरह तोड़ दिया जिससे ग्रामीण का परिवार बेघर हो गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जिले में सर्पदंश की सर्वाधिक 141 घटनाएं हुईं

बलरामपुर | आरएनएस

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल अब तक जिले मे सर्पदंश की 141 घटना जिले में हो चुकी है वही सर्पदंश से मृत्यु पांच लोगों की हो चुकी है। मानसून में सर्वप्रथम की घटना में वृद्धि हो जाती है वहीं आने वाले समय में बरसात के साथ सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि होगी। जिले में सबसे अधिक सर्पदंश की घटनाएं बलरामपुर विकासखंड एवं सबसे कम शंकरगढ़ विकासखंड में हुई है।

गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष मानसून के समय में सर्पदंश की घटनाओं में एकाएक वृद्धि हो जाती है वहीं सर्पदंश से कई लोगों की मृत्यु झाड फूक के चक्कर में पडऩे के कारण हो जाती है सांप काटने के बाद अस्पताल जाने में लोग जागरूकता के अभाव में देरी कर देते हैं एवं झाड़ फूंक के चक्कर में घंटे गुजार देते हैं जिसके बाद जब वह अस्पताल जाते हैं तो तब तक स्थिति बिगड़ गई रहती है ऐसे में बचना मुश्किल हो जाता है। जागरूकता के अभाव में लोग बैग गुनिया का सहारा लेते हैं। 1 अप्रैल से अबतक तक बलरामपुर विकासखंड में सर्पदंश की 51 घटना, कुसमी विकासखंड में 14 घटनाएं,राजपुर विकासखंड में 14 घटना, रामानुजगंज विकासखंड में 8 घटना, शंकरगढ़ विकासखंड में तीन घटना एवं वाड्रफनगर विकासखंड में 50 घटनाएं हो चुकी है। जिसमें सांप काटने के बाद अस्पताल समय पर ले जाने के बाद भी 7 लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर अच्छे उपचार के लिए रेफर किया गया था।सर्पदंश से वाड्रफनगर विकासखंड में 4 लोगों की मृत्यु एवं राजपुर विकासखंड में 1 की मृत्यु हो चुकी है।

सरकारी आंकड़ा के अलावा भी कई हुए हैं सर्पदंश से मृत्यु के शिकार..... जिले में सरकारी आंकड़ा के मुताबिक 1 अप्रैल से अब तक पांच लोगों की मृत्यु सांप काटने से हुई है परंतु सरकारी आंकड़ों के अलावा भी कई लोगों की मृत्यु सांप काटने से हुई। सांप काटने के बाद कई तो अस्पताल भी नहीं पहुंच पाए।

सीएमएचओ डॉक्टर बसंत ने बताया कि जिले में 5 हजार से अधिक एंटी वेनम उपलब्ध है। उन्होंने अपील की है कि सांप काटने के बाद झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मरीज को ले जाएं एवं चिकित्सा को सूचित करें। उन्होंने बताया कि सर्पदंश के मरीजों के इलाज हेतु जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें सर्वप्रथम के बचाव हेतु आवश्यक उपचार के संबंध में तथा स्नेक एंटी वेनम के बारे में बताया गया है।